# प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I) का कार्यालय
## ओडिशा : भुवनेश्वर
## OFFICE OF THE PRINCIPAL ACCOUNTANT GENERAL (Audit-I)
## Odisha : Bhubaneswar

लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

विषय/ Subject: सेवाकालीन हिंदी शब्द संसाधन/ हिंदी टंकण प्रशिक्षण (सत्र अगस्त, 2023 से जनवरी, 2024) के अंतर्गत ऑफलाइन कक्षाओं के गठन के संबंध में।
Regarding the formation of offline classes on Hindi word processing / Hindi typing training (session: August, 2023 to January, 2024) during the period of service.

उपर्युक्त विषय पर गृह मंत्रालय, भारत सरकार, हिंदी शिक्षण योजना, भुवनेश्वर से प्राप्त संख्या सकाभाअ/हिशियो/ भुव/ 2023-24 दिनांक 13.07.2023 (प्रतिलिपि संलग्न) जो स्वत: व्याख्यात्मक है, के द्वारा सूचित किया गया है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार वर्ष 2025 तक हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण का प्रशिक्षण पूरा किया जाना है।

उपर्युक्त उल्लिखित पत्र के द्वारा अगस्त, 2023 से जनवरी, 2024 सत्र हेतु कार्यालय-महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), ओड़िशा के परिसर में स्थित हिंदी शिक्षण योजना, प्रशिक्षण केंद्र, ओड़िशा, भुवनेश्वर में चलने वाली हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण कक्षाओं में भाग लेने हेतु इस कार्यालय के अप्रशिक्षित/ इच्छुक कर्मचारियों को नामित करने का भी अनुरोध किया गया है। नामांकित प्रशिक्षुओं को प्रवेश के लिए 04 अगस्त 2023 को या उससे पूर्व, विधिवत रूप से भरा हुआ संलग्न निर्धारित पंजीकरण फॉर्म हिंदी प्रकोष्ठ (लेखापरीक्षा-I) को प्रेषित करें।

On the subject cited above, kindly find enclosed copy of Ministry of Home Affairs, Hindi Teaching Scheme, Bhubaneswar, letter No. सकाभाअ/हिशियो/भुव/ 2023-24 dated 13.07.2023 which is self-explanatory, wherein it has been informed that as per the instructions of the Government of India, the training of Hindi word processing/ Hindi typing is to be completed by the year 2025.

Vide above referred letter, it has also been requested to nominate untrained/ willing officials for the offline Hindi Word Processing/ Hindi Typing Classes for the session August, 2023 – January, 2024. Nominated trainee are required to send their duly filled prescribed enclosed registration form to Hindi Cell (Audit-I) on or before 04th August, 2023 for admission.

हिंदी प्रकोष्ठ के रिकॉर्ड अनुसार, निम्नलिखित कर्मचारीगण हिंदी टंकण प्रशिक्षण करने हेतु पात्र/ इच्छुक हैं:

As per record of Hindi Cell, the following officials are eligible/willing for Hindi Typing Training.

| क्र.सं/ Sl. No. | अधिकारी/कर्मचारी का नाम (सर्व श्री/सुश्री/ श्री) Name of the officer/ official | पदनाम/ Designation | अनुभाग/ Section | पुष्टीकरण हेतु अधिकारी की सहमति (Sign.) एवं टिप्पणी (Remarks) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Smruti Ranjan Beura | Clerk | Admn. | |
| 2. | Amit Kumar Pradhan | Sr. Auditor | AMG-II | |
| 3. | Bismay Chaudhuri | Sr. Auditor | AMG-II | |
| 4. | Soubhagya Ranjan Mohanty | Sr. Auditor | AMG-II | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5. | Abhik Sinha | Auditor | AMG-II | |
| 6. | Ananda Kumar Behera | Sr. Auditor | AMG-III | |
| 7. | Bibhudatta Panda | Sr. Auditor | AMG-III | |
| 8. | Preeti Chanda | Sr. Auditor | AMG-III | |
| 9. | Sreyaskari Hanumanthu | Auditor | AMG-V | |
| 10. | Arpan Lakra | Auditor | OM-I | |
| 11. | Ananda Chandra Mandal | Clerk | OM-II | |
| 12. | Brundabati Nayak | Clerk | Report (PAC) | |
| 13. | Alok Kumar | Sr. Auditor | Training & Exam Cell | |
| 14. | Manoj Kumar Soren | Clerk | O.E. | |
| 15. | Pradeep Naik | Clerk | AMG-IV | |
| 16. | P. Krushna Reddy | Clerk | AMG-IV | |

संबंधित शाखाधिकारी/ नियंत्रणाधीन अधिकारी से अनुरोध है कि वे दिनांक 04.08.2023 तक नामांकन पुष्टीकरण करें ताकि समय पर नामांकन भेजा जा सके ।

Concerned B.O./Controlling Officer is requested to confirm nomination by 04.08.2023.

इसके अतिरिक्त संबंधित शाखाधिकारी द्वारा उपर्युक्त टेबल में निर्दिष्ट कर्मचारियों के अतिरिक्त अन्य इच्छुक वरिष्ठ लेखापरीक्षक, लेखापरीक्षक एवं अनुवादक को भी हिन्दी टंकण के प्रशिक्षण हेतु नामित किया जा सकता है।

Further, in addition to the officials specified in the above table, other willing senior auditors, auditors and translators can also be nominated for training in Hindi typing by the concerned branch officer.

हस्ता/-

उप महालेखाकार (प्रशासन)
Deputy Accountant General (Admn)

ज्ञापन संख्या हिंदी प्रकोष्ठ/हिंदी शिक्षण योजना/21/2022-2023/404 दिनांक - 27.07.2023

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रतिलिपि सादर अग्रेषित :-

1- सचिव, प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-।) ओडिशा, भुवनेश्वर/ The Secretary to PAG (Audit-I), Odisha Bhubaneswar
2- निजी सहायक, वरिष्ठ उप महालेखाकार, ए.एम.जी. III/ IV / Personal Asstt. to Sr. DAG, AMG III/ IV
3- आशुलिपिक, उप महालेखाकार, प्रशासन/ ए.एम.जी. V/ Steno. to DAG, Admn./AMG V
4- निजी सहायक, उप महालेखाकार, ए.एम.जी. II/ Personal Asstt. to DAG, AMG II
5- निजी सहायक, उप महालेखाकार, ए.एम.जी. I/ Personal Asstt. to DAG, AMG I
6- कल्याण अधिकरी/ Welfare Officer.
7- नियत्रंणाधिकारी / शाखा अधिकारी/ Branch Officer -

सभी शाखाधिकारियों से अनुरोध है कि परिपत्र में निहित अंतर्वस्तु को अपने नियंत्रणाधीन कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों की जानकारी में लायें।

All the Branch Officers are requested to kindly bring the content of this circular to the notice of all the Officers/ employees working under their control.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ए.एम.जी.-I / AMG-I | ए.एम.जी.-II / AMG-II | ए.एम.जी.-III / AMG-III | ए.एम.जी.-IV / AMG-IV | ए.एम.जी.-V AMG-V | ओ.एम. I एवं II OM-I & OM-II |
| सम्पदा/ Estate | ओ.ई. O.E. | प्र0 एवं परीक्षा/ Training & Exam | प्रशासन / Admin. | विधिक/ Legal | रिपोर्ट/ Report |
| रिपोर्ट पी.ए.सी. Report PAC | ई.सी.पी.ए. ECPA | सचिवालय/ Secretariat | कल्याण / Welfare | डी.ए. एवं आर.सी/ DA&RC | |

8- शाखाधिकारी, डी.ए. एवं आर.सी से अनुरोध है कि कृपया इस परिपत्र को संलग्नक सहित कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करें।
The Branch Officer i/c DA&RC is requested to kindly upload this circular along with its enclosures to our official website.

9- सूचना पट्ट /Notice Board

10- अतिरिक्त प्रति / Spare Copy.

27/07/23
हिंदी अधिकारी
Hindi Officer

[C. Dy. NO. 729]
PAG(Audit-I)/Sectt./Dy. No. 589 Dt. 20/07/2023 (Mail)

Admn/Sectt. mail Dy. No. 337 dtd 20/7/23

भारत सरकार

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

हिंदी शिक्षण योजना

आवक सं/ Inward Dy. No. 956

दिनांक/ Date 20/7/23

हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी शब्द संसाधन एवं हिंदी टंकण प्रशिक्षण

प्रशिक्षण स्थानः- प्रधान महालेखाकार का कार्यालय, ओडिशा, भुवनेश्वर-751001

सर्वकार्यभारी अधिकारी का कार्यालय.

कार्यालय मुख्य महाप्रबंधक ओडिशा, दूरसंचार परिमंडल , भुवनेश्वर

संख्या:सकाभाअ/हिशियो/भुव/2023-24

दिनांक: 13.07.2023

**सेवा में,**

**सभी कार्यालय प्रधान/ संपर्क अधिकारी(राजभाषा)**
**केंद्र सरकार के कार्यालय एवं सांविधिक / स्वायत्तशासी संगठन**
**केंद्र सरकार के स्वामित्व / नियंत्रणाधीन उपक्रम, कंपनी एवं राष्ट्रीयकृत बैंक**
**भुवनेश्वर ।**

**विषय : सेवाकालीन हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण प्रशिक्षण (सत्र अगस्त, 2023 से जनवरी, 2024) के अंतर्गत ऑफलाइन कक्षाओं के गठन के संबंध में।**

महोदया/महोदय,

उपर्युक्त विषय के अनुक्रम में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि हिंदी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के अंतर्गत भुवनेश्वर स्थित प्रशिक्षण केंद्र पर हिंदी शब्द संसाधन/ हिंदी टंकण ऑफलाइन प्रशिक्षण का आगामी सत्र अगस्त, 2023 से प्रारंभ होगा। भारत सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण का प्रशिक्षण निर्धारित अवधि अर्थात् वर्ष **2025 तक** पूरा कर लिया जाए। तदनुसार हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण के ऑफलाइन प्रशिक्षण हेतु केंद्र सरकार के समस्त कार्यालयों/ संगठनों/ उपक्रमों/ कंपनियों/ राष्ट्रीयकृत बैंकों से नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं।

**दिनांक 16 एवं 17 अगस्त, 2023** को प्रशिक्षण केंद्र पर उपस्थित होने वाले कर्मचारियों को ऑफलाइन कक्षाओं में "पहले आओ पहले पाओ" के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की ऑफलाइन कक्षाएँ **दिनांक 18 अगस्त, 2023** से सत्रांत तक प्रति कार्य-दिवस पर संचालित की जाएँगी

**(1) प्रशिक्षण केंद्र का पता, प्रशिक्षण का नाम, प्रशिक्षण अवधि एवं परीक्षा:**

| प्रशिक्षण केंद्र का पता | प्रशिक्षण केंद्र पर तैनात स.नि.(टं/आ.) का नाम, मोबाईल नं0 एवं ईमेल | पाठ्यक्रम | अवधि | परीक्षा |
|---|---|---|---|---|
| हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण एवं आशुलिपि प्रशिक्षण केंद्र, हिंदी शिक्षण योजना, प्रधान, महालेखाकार कार्यालय ओडिशा, भुवनेश्वर-751001 | श्री रामबालक पासवान मो. नं0-8917507076 ईमेल-chti1059@nic.in | हिंदी शब्द संसाधन/ हिंदी टंकण प्रशिक्षण (ऑफलाइन) | छह मास (अगस्त, 2023 से जनवरी, 2024) एक घंटे प्रतिदिन | परीक्षाएँ जनवरी, 2024 के प्रथम अथवा दूसरे सप्ताह में आयोजित की जाएँगी। |

DAG/Admin 19/7/2023

SAO/Hindi cell

(i) **<u>हिंदी शब्द संसाधन/ हिंदी टंकण प्रशिक्षण हेतु पात्रता:</u>**

- सभी अवर श्रेणी लिपिक/ अंग्रेजी टंकक, कार्यालय सहायक, कर सहायक, डाक सहायक, छंटाई सहायक, दूरसंचार सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर, जिनके पास हिंदी शिक्षण योजना के प्रवीण पाठ्यक्रम स्तर का हिंदी ज्ञान है, वे हिंदी शब्द संसाधन / हिंदी टंकण प्रशिक्षण के लिए पात्र हैं।
- वर्ग "घ" से वर्ग "ग" में आए उन कार्मिकों के लिए जो वर्ग "ग" के लिए निर्धारित शैक्षिक अर्हता रखते हैं, वे भी हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण प्रशिक्षण के लिए पात्र होंगे।
- वरिष्ठ सचिवालय सहायकों, प्रवर श्रेणी लिपिकों, लेखा परीक्षकों, सहायकों, चयन ग्रेड लेखा परीक्षकों तथा हिंदी अनुवादकों को स्वैच्छिक आधार पर नामित किया जा सकता है, जिनके लिए हिंदी शब्द संसाधन / हिंदी टंकण उपयोगी है। प्रतिनियुक्ति पर कार्य करने वाले उक्त श्रेणी के कर्मचारी भी इस प्रशिक्षण के लिए पात्र हैं एवं वित्तीय लाभ के भी हकदार होंगे।

(ii) **<u>वित्तीय प्रोत्साहन</u>** <u>(हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण)</u>:

- हिंदी शब्द संसाधन / हिंदी टंकण प्रशिक्षण की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर केंद्र सरकार के कर्मचारियों/अधिकारियों को निर्धारित शर्तें पूरी करने पर 12 महीने की अवधि के लिए वेतन वृद्धि के बराबर वैयक्तिक वेतन दिया जाता है।
- हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण करने पर प्राप्तांकों के आधार पर नकद पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं, जिनकी वर्तमान दरें इस प्रकार हैः

| न्यूनतम प्राप्तांक | नकद पुरस्कार |
|---|---|
| 97% या उससे अधिक | □ 2,400 |
| 95% या उससे अधिक मगर 97% से कम | □ 1,600 |
| 90% या उससे अधिक मगर 95% से कम | □ 800 |

**(iii)** **<u>परीक्षा शुल्क</u>**: केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए यह प्रशिक्षण निःशुल्क है, परंतु केद्र सरकार के स्वामित्व / नियंत्रणाधीन उपक्रम/कंपनी/बैंक आदि में कार्यरत प्रशिक्षार्थियों के लिए रुपए 100/- प्रति प्रशिक्षार्थी परीक्षा शुल्क देय है। परीक्षा शुल्क का भुगतान बैंक ड्राफ्ट द्वारा किया जाता है। बैंक ड्राफ्ट **<u>उप निदेशक (परीक्षा), हिंदी शिक्षण योजना, नई दिल्ली</u>** के नाम से नई **<u>दिल्ली शाखा</u>** में भुगतान हेतु देय होना चाहिए। बैंक ड्राफ्ट सीधे उप निदेशक(परीक्षा), हिंदी शिक्षण योजना, ईस्ट ब्लॉक-7, लेवल-6, आर. के. पुरम, नई दिल्ली-110 066 को भेजते हुए उसकी सूचना तत्काल सहायक निदेशक(टं/आ.), हिंदी शिक्षण योजना, कोलकाता-700 001 को भेज दिया जाए।

**परीक्षा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक की website www.onlinesbi.com पर चरणबद्ध तरीके अपनाते हुए ऑनलाइन भी जमा करवाया जा सकता है। ऑनलाइन फीस जमा करने के चरण इस प्रकार हैः**

1. सबसे पहले भारतीय स्टेट बैंक की वेवसाइट **www.onlinesbi.com** में भारतीय स्टेट बैंक पर क्लिक करने पर **State Bank Collect** नामक उपशीर्ष पर क्लिक करें एवं सभी शर्तों को स्वीकार करते हुए आगे बढ़ें।
2. **State Bank Collect** पेज पर **State of Corporate/ Institution** में **All India Select** करें। तदुपरांत **Type of Corporate/Institution** में **Govt. Department Select** करें एवं **Go** को **click** करें।
3. **Department Name** में **HINDI TEACHING SCHEME, DEPTT. OF OFFICIAL LANGUAGE, MHA** को **SUBMIT** करें।
4. **Select Payment Category** में **Hindi Teaching Scheme Select** करें। **Select** करते ही एक फॉर्म खुल जाएगा।
5. इस फॉर्म को भरने के पश्चात **Submit** करें। **Submit** करने के बाद अपने भरे हुए विवरण को Confirm कर **Payment** करें।

6. **Payment करने के बाद Receipt** के प्रिंट की फोटो प्रति **उप निदेशक (परीक्षा), हिंदी शिक्षण योजना, पूर्वी खंड-7, तल-6 रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली-110066; एवं सहायक निदेशक (टं/आ), हिशियो, प्रशिक्षण स्थान-प्रधान महालेखाकार, भुवनेश्वर-751001 को भी भेजें।**

75

अंत में, सभी कार्यालय अध्यक्षों / प्रशासनिक अधिकारियों से अनुरोध है कि वे इस परिपत्र को अपने सभी संबद्ध/ अधीनस्थ कार्यालयों/ इकाइयों/शाखाओं में परिचालित करते हुए कृपया यह भी सुनिश्चित करें कि जिन कर्मचारियों को प्रशिक्षण हेतु प्रवेश दिया जाए, वे निश्चित रूप से ऑफलाइन प्रशिक्षण हेतु नियमित रूप से उपस्थित रहें और अनिवार्य रूप से सत्रांत परीक्षा में भी सम्मिलित हों।

## विशेषः

- **प्रशिक्षण के लिए नामित कर्मचारियों को प्रवेश लेने हेतु अलग से कोई पुष्टि पत्र नहीं भेजा जाएगा। प्रवेश "पहले आओ पहले पाओ" के आधार पर दिया जाएगा।**
- **प्रशिक्षण हेतु रिपोर्ट करने वाले कर्मचारियों को दाखिला देने का पंजीकरण प्रमाण-पत्र सहायक निदेशक (टंकण/आशुलिपि) द्वारा दिया जाएगा, जिसे संबंधित कर्मचारी अपने आसन्न अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे ताकि प्रवेश न लेने वाले कर्मचारी के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई समय से की जा सके।**

सभी कार्यालय अध्यक्षों से पुन: अनुरोध है कि हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण(ऑफलाइन) प्रशिक्षण की नई कक्षाओं में नामांकन के लिए अधिक से अधिक कर्मचारियों को नामित करने का कष्ट करें जिससे राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

नामांकन, **संलग्न किए गए प्रपत्र - II में** संबंधित केंद्र पर तैनात **सहायक निदेशक(टं/आ), श्री रामबालक पासवान, हिंदी शिक्षण योजना, प्रशिक्षण स्थान- प्रधान महालेखाकार का कार्यालय, ओडिशा भुवनेश्वर 751001 को ई-मेलः** rbpaswan26@gmall.com पर **दिनांक 10 अगस्त, 2023 तक या उससे पूर्व** भिजवाने का कष्ट करें।

**प्रपत्र - I**

| **अभी तक प्रशिक्षित होने वाले कर्मचारियों की संख्या** | |
|---|---|
| हिंदी टंकण | हिंदी आशुलिपि |
| | |

भवदीय,

पी. के. महापात्र 13.07.2023

**(प्रशांत कुमार महापात्र)**
**वरिष्ठ महाप्रबंधक (प्रशा. एवं मा.सं.)**
**बी.एस.एन.एल. ओडिशा, भुवनेश्वर**

**सर्वकार्य भारी अधिकारी**
**हिन्दी शिक्षण योजना, भुवनेश्वर**
**Officer In Overall Charge**
**Hindi Teaching Scheme, Bhubaneswar**

**प्रतिलिपि प्रेषित :**

1. उप निदेशक (पूर्व), हिशियो, कोलकाता ।
2. उपनिदेशक (टं0/आशु0) पूर्व, हिंदी शिक्षण योजना, कोलकाता ।
3. सभी अध्यक्ष, भुवनेश्वर नराकास (केंद्रीय) ।
4. सभी अध्यक्ष, भुवनेश्वर नराकास (बैंक / बीमा कं0) ।
5. सभी अध्यक्ष, भुवनेश्वर नराकास (उपक्रम) ।
6. निदेशक, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली. ।
7. संयुक्त निदेशक(टं./आ.), केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली ।

## हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत हिंदी टंकण/आशुलिपि दीर्घकालिक प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण फार्म

परीक्षार्थियों हेतु फॉर्म (नियमित)

<table>
<tr><th>क्रम सं0.<br>SL. NO.</th><th colspan="5">प्रशिक्षार्थी के विवरण/ DETAILS OF TRAINEE</th></tr>
<tr><td rowspan="2">01.</td><td colspan="2">नाम ( स्पष्ट अक्षरो में ):</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td colspan="2">NAME (BLOCK LETTER ONLY):</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td rowspan="2">02.</td><td colspan="2">पिता/पति का नाम:</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td colspan="2">FATHER' S/HUSBAND NAME:</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td rowspan="2">03.</td><td colspan="2">पदनाम:</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td colspan="2">DESIGNATION:</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td rowspan="2">04.</td><td>मातृभाषा:</td><td></td><td>कार्यक्रम</td><td>टंकण</td><td>आशुलिपि</td></tr>
<tr><td>MOTHER TONGUE:</td><td></td><td>✓</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td rowspan="2">05.</td><td colspan="2">लिंग:</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td colspan="2">GENDER:</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td>06.</td><td colspan="2">हिंदी ज्ञान का स्तर:<br>LEVEL OF KNOWLEDGE OF HINDI:</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td rowspan="2">07.</td><td colspan="2">मंत्रालय/विभाग का नाम:</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td colspan="2">NAME OF DEPT./INSTITUTION:</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td rowspan="2">08.</td><td colspan="2">नामित करनेवाले अधिकारी का नाम और पदनाम:</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td colspan="2">NAME & DESIGNATION OF NOMINATION AUTHORITY</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td rowspan="2">09.</td><td colspan="2">कार्यालय का पता (पिन सहित):</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td colspan="2">OFFICE ADDRESS WITH PINCODE:</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td>10.</td><td colspan="2">कार्यालय का दूरभाष/TELEPHONE NO OF OFFICE::</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td>11.</td><td colspan="2">प्रशिक्षार्थी का मोबाइल न./MOBILE NO OF TRAINEE:</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td>12.</td><td colspan="2">ई:मेल आईडी:</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td>13.</td><td colspan="2">आधार सं:</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td>14.</td><td colspan="2">परीक्षा शुल्क भरने का विवरण, यदि कोई//FEE DETAILS(if doesn't belong to a direct Central Govt. office/Dept)</td><td colspan="3"></td></tr>
</table>

प्रशिक्षार्थी के हस्ताक्षर/SIGNATURE.